FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट दिनांक 01-09-2026 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

## थाना शिकोहाबाद पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर जमील अहमद उर्फ मोनू पुत्र अहमद हुसैन को भारी मात्रा में चोरी के माल व 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस सहित किया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 नेकलेस सेट मय 02 अदद टोप्स पीली धातु, 02 झुमकी पीली धातु, 01 पेन्डल मय चेन पीली धातु, 03 लेडीज अंगूठी पीली धातु, 01 मंगल सूत्र पीली धातु व चूडी के 16 टुकडे पीली धातु बरामद....।**
- **शातिर चोर जमील अहमद उर्फ मोनू नाम बदलकर किरायेदार बनकर करता था चोरी.....।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 671/2026 धारा 305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी पीली धातु की ज्वैलरी(01 अदद नेकलेस सेट मय 02 अदद टोप्स पीली धातु, 02 अदद झुमकी पीली धातु, 01 अदद पेन्डल मय चेन पीली धातु, 03 अदद लेडीज अंगूठी पीली धातु, 01 अदद मंगल सूत्र पीली धातु, चूडी के 16 अदद टुकडे पीली धातु) तथा 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

दिनांक 28.08.2026 को वादी श्री मुन्नालाल पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी 3/06 आवास विकास कालोनी, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद पर सूचना दी गयी कि वह अपने परिवार सहित अपनी ससुराल जसवन्तनगर गये थे। वापस आने पर उनके मकान के मुख्य गेट का ताला खुला मिला तथा अन्दर अलमारी के लॉक टूटे हुए थे। अलमारी में रखे सोने एवं चांदी के जेवरात चोरी हो गये थे। वादी द्वारा यह भी बताया गया कि दिनांक 15.08.2026 को विनय नामक व्यक्ति को किरायेदार के रूप में रखा गया था, जो घटना के बाद से फरार था। उक्त सूचना के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 671/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

घटना के अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे। थाना पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की चेकिंग तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश के

दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जमील अहमद उर्फ मोनू पुत्र अहमद हुसैन, निवासी मकान नं0 723 गली नं0 01 सूर्य विहार पार्ट तृतीय, अगवानपुर अमर नगर, थाना सराय ख्वाजा, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा, हाल पता ग्राम उखरेण बाईपास एनएच-19 हाईवे, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद, उम्र करीब 38 वर्ष को आज दिनांक 01.09.2026 को असुवा रोड, नौशहरा मोड़ थाना शिकोहाबाद से समय करीब 00.08 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की जामा तलाशी में उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा पेट पर बंधे काले रंग के बैग से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी पीली धातु की ज्वैलरी (01 अदद नेकलेस सेट मय 02 अदद टोप्स पीली धातु, 02 अदद झुमकी पीली धातु, 01 अदद पेन्डल मय चेन पीली धातु, 03 अदद लेडीज अंगूठी पीली धातु, 01 अदद मंगल सूत्र पीली धातु, चूडी के 16 अदद टुकडे पीली धातु ) बरामद हुई।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना नाम जमील अहमद उर्फ मोनू बताया गया तथा पूछताछ में बताया कि उसने दिनांक 15.08.2026 को अपना नाम विनय बताकर वादी मुन्नालाल के मकान में किराये पर कमरा लिया था। उसके द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से रक्षाबन्धन के अवसर का इंतजार किया गया। दिनांक 28.08.2026 को वादी अपने परिवार सहित घर से बाहर गये, जिसके बाद अभियुक्त द्वारा मकान की अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे जेवरात चोरी कर लिये गये तथा वह चोरी किये गये जेवरात को बेचने की फिराक में था, तभी पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्त के कब्जे से थाना शिकोहाबाद के मु0अ0सं0 671/2026 धारा 305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी का माल बरामद होने के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा एवं जिन्दा कारतूस बरामद होने के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 681/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः---**

1. जमील अहमद उर्फ मोनू पुत्र अहमद हुसैन, निवासी मकान नं0 723 गली नं0 01 सूर्य विहार पार्ट तृतीय, अगवानपुर अमर नगर, थाना सराय ख्वाजा, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा, हाल पता ग्राम उखरेण बाईपास एनएच-19 हाईवे, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरणः---**

**चोरी का माल—**

01 अदद नेकलेस सेट मय 02 अदद टोप्स, पीली धातु।

02 अदद झुमकी, पीली धातु।

01 अदद पेन्डल मय चेन, पीली धातु।

03 अदद लेडीज अंगूठी, पीली धातु।

01 अदद मंगल सूत्र, पीली धातु।

चूड़ी के 16 अदद छोटे-बड़े टुकड़े, पीली धातु।

**अवैध शस्त्र—**

01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त- जमील अहमद उर्फ मोनू पुत्र अहमद हुसैनः---**

1. मु0अ0सं0 671/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 681/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः---**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनुज कुमार थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद
2. प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश कुमार सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद
3. नि0अप0 श्री तसव्वुर अली, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री आदेश कुमार, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 अनिल कुमार सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद
6. कां0 भूपेन्द्र सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद
7. कां0 194 पुष्पेन्द्र सिंह, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 365 राहुल कुमार, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।